कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षा: जरूरी बातें

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

वैक्सीन सुरक्षित हैं

United States में हमारे पास कोविड-19 के जो वैक्सीन हैं, वे U.S. के इतिहास[1] की सबसे गहन सुरक्षा निगरानी से होकर गुजर रहे हैं। सभी टीके या तो पूरी तरह से अनुमोदित हैं या फिर किसी आपातकालीन स्थिति में उपयोग किए जाने के लिए U.S. Food and Drug Administration (FDA, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन) द्वारा अधिकृत है — इसका मतलब है कि FDA को कोई गंभीर सुरक्षा संबंधी चिंताएं नहीं पाई गई.

जैसा कि इनका उपयोग आम जनता के लिए किया गया है, सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए इन वैक्सीनों की सतत निगरानी करना जारी है। सुरक्षा समस्याओं का ध्यान रखने और उनके उत्पन्न होते ही तत्परता से उनकी पकड़ करने के लिए United States में कुछ प्रणालियां कार्यरत हैं।

वैक्सीन काम करता है

ऐसा हो सकता है आपने कुछ ऐसी खबरें देखी हों जो बताती हैं कि कुछ वैक्सीन दूसरों से बेहतर हैं। नैदानिक परीक्षणों ने प्रदर्शित किया है कि सभी उपलब्ध वैक्सीन कोविड-19 को रोकने में अति प्रभावी हैं। वैक्सीनों के बीच तुलना करना कठिन है क्योंकि उनका अलग-अलग समय और स्थान में परीक्षण किया गया था। कुछ का परीक्षण तो कोविड-19 की भिन्न विकृतियों के प्रति किया गया था।

एक बार आपको पूरी वैक्सीन लगाए जाने के बाद भी आपको कोविड-19 होने की संभावना हो सकती है लेकिन आपके ज्यादा बीमार पड़ने या अस्पताल में भर्ती होने की संभावना कम ही है। अध्ययन ने प्रदर्शित किया है कि कोविड-19 की **गंभीर** बीमारी को *रोकने* में प्रत्येक वैक्सीन का प्रभाव कम से कम 85 प्रतिशत था। वैक्सीन ने कई लोगों में कोविड-19 के **किसी भी** लक्षण के दिखाई पड़ने में भी रोकथाम की है।

- Johnson & Johnson (Janssen), 74 प्रतिशत
- Pfizer-BioNTech, 95 प्रतिशत
- Moderna, 94 प्रतिशत

दुष्प्रभाव सामान्य हैं

आपको वैक्सीन से कोविड-19 नहीं हो सकता है। हालांकि, दूसरे वैक्सीनों की तरह, आपको कुछ दुष्प्रभाव महसूस हो सकते हैं। ये संकेत हैं कि वैक्सीन काम कर रही है। दो-खुराक वाले वैक्सीनों के लिए, दूसरे टीके के बाद होने वाले दुष्प्रभाव ज्यादा हो सकते हैं। टीका लगने के बाद, यदि संभव हो तो आराम करने और स्वास्थ्यलाभ के लिए खुद को एक या दो दिन का समय दें। दो खुराक की ज़रूरत वाले कोविड-19 के वैक्सीन के लिए, दूसरी खुराक लेना ना भूलें। आपके दूसरी खुराक को लेने के बाद दो हफ्ते बीत जाने तक आप पूरी तरह सुरक्षित नहीं होंगे।

अपनी बाजू पर जहां आपको दूसरा टीका लगा है:

- दर्द
- लालिमा
- सूजन

आपके पूरे शरीर में:

- थकान
- सरदर्द
- मांसपेशियों में दर्द
- ठंड लगना
- बुखार
- मिचली

[1] Centers for Disease Control and Prevention, “Safety of COVID-19 Vaccines (कोविड-19 वैक्सीन की सुरक्षा)”. https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/vaccines/safety/safety-of-vaccines.html (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) पर 25 मार्च, 2021 से ऑनलाइन उपलब्ध है।

ऐलर्जी के संकेत

वैक्सीन से होने वाले ऐलर्जी की संभावनाएं बहुत कम हैं लेकिन हो सकती हैं। अगर आपको ऐलर्जी होती है तो ऐसी स्थिति में क्लिनिक आपको वैक्सीन लगने के बाद, कम से कम 15 मिनटों तक आप पर नज़र रखेगा। वे प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित हैं और आपकी सहायता करना जानते हैं।

यदि आपको क्लिनिक से जाने के बाद ऐलर्जी हो जाती है तो 911 पर कॉल करें। ऐलर्जी के संकेतों में: सांस लेने में कठिनाई, चेहरे और गले में सूजन, तेज धड़कन, पूरे शरीर पर चकत्तों का आना, सिर भारी होना और कमजोरी महसूस करना शामिल है।

किसी भी सुरक्षा संबंधित समस्या के लिए सतर्क रहने में हमारी मदद करें

किसी दुष्प्रभाव की खबर देने के लिए V-safe में साइन अप करें: vsafe.cdc.gov (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध). आपकी भागेदारी से हमें वैक्सीन को हर किसी के लिए सुरक्षित बनाए रखने में मदद मिलती है।

आप या आपका वैक्सीन प्रदाता गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी Vaccine Adverse Event Reporting System (VAERS, वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम) को दे सकते हैं। FDA, Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) और Washington State Department of Health (DOH, वाशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग) नए ट्रेंड या संभावित समस्याओं को देखने के लिए VAERS का इस्तेमाल करते हैं।

आप vaers.hhs.gov (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) पर एक रिपोर्ट सबमिट कर सकते हैं।

कई नस्लों और जातियों के लोगों ने परीक्षण में भाग लिया है।

वैज्ञानिकों ने एक-एक वैक्सीन को सैकड़ों-हजाड़ों लोगों पर आज़माया हैं।



[2]Food and Drug Administration. “FDA Briefing Document: Pfizer-BioNTech COVID-19 Vaccine”, Vaccines and Related Biological Products Advisory Committee (वैक्सीन और संबंधित जैविक उत्पाद की सलाहकार समिति) की बैठक। https://www.fda.gov/media/144245/download (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) पर 10 दिसम्बर, 2020 से ऑनलाइन उपलब्ध।

[3]Food and Drug Administration. “FDA Briefing Document: Janssen Ad26.COV2.S Vaccine for the Prevention of COVID-19”, Vaccines and Related Biological Products Advisory Committee वैक्सीन और संबंधित जैविक उत्पाद सलाहकार समिति की बैठक। https://www.fda.gov/media/146217/download (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) पर 26 फरवरी, 2021 से ऑनलाइन उपलब्ध है।

[4]Food and Drug Administration. “FDA Briefing Document: Moderna COVID-19 Vaccine”, Vaccines and Related Biological Products Advisory Committee की बैठक। https://www.fda.gov/media/144434/download (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) पर 17 दिसम्बर, 2020 से ऑनलाइन उपलब्ध है।

टीका बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अंतर्निहित स्थितियों वाले लोगों के लिए सुरक्षित और प्रभावी है। जैसे-जैसे अधिक लोगों को टीका लगाया जाएगा, हमें सुरक्षा और दुष्प्रभावों पर अधिक डेटा प्राप्त होगा। डेटा यह दिखाता है कि कोविड-19 के टीके सुरक्षित हैं और इनसे गंभीर दुष्प्रभाव होने की संभावना बहुत कम है।

वैक्सीन लेने संबंधी समस्याओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या क्लिनिक वर्कर से बात करें

एलर्जियां

- Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र) ने ऐसे किसी भी व्यस्क के लिए वैक्सीन की अनुशंसा की है जिसे टीके के किसी भी संघटक से कोई ऐलर्जी नहीं है।
- कोविड-19 से ऐलर्जी अक्सर वैक्सीन में होने वाली वसा के कारण होती है जो पॉलीइथीलीन ग्लाइकॉल (PEG) और पॉलीसॉर्बेट कहलाता है।
- वैक्सीन में ऐलर्जी पैदा करने वाले वैसे तत्व नहीं पाए जाते हैं जो सामान्यत: भोजन में पाए जाते हैं, अत: कोविड-19 के वैक्सीन लगवाने के दौरान ज़्यादातर दूसरी ऐलर्जियां चिंता का विषय नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर, वैक्सीन अंडा-रहित, लेटेक्स रहित और परिरक्षक रहित होती हैं।

नीति

कोविड-19 वैक्सीन के संघटक सुरक्षित हैं और वैक्सीन के काम करने के लिए आवश्यक हैं। Johnson & Johnson वैक्सीन का एक सेट प्रयोगशाला में संवर्धित की गई सेलों की प्रतियों से बनाया गया है जो मूल रूप से ऐच्छिक गर्भपात (इलेक्टिव एबॉर्शन) से आयी है जो 35 साल पहले हुई थी। कई दूसरी वैक्सीन जिनमें चिकनपॉक्स, रूबेला और हेपेटाइटिस A शामिल हैं, इसी तरह बनाई गई हैं। किसी भी वैक्सीन में मानव कोशिका (भ्रूण कोशिका सहित), कोविड-19 वायरस, लेटेक्स, परिरक्षक या पोर्क या जिलेटिन सहित कोई पशु उपोत्पाद नहीं है। वैक्सीन में ना तो अंडे मिले होते हैं और ना ही इनमें अंडे का कोई उत्पाद होता है।

चिकित्सीय स्थिति

- अध्ययनों ने प्रदर्शित किया है कि कोविड-19 वैक्सीन चिकित्सीय स्थिति वाले लोगों में उसी तरह सुरक्षित और प्रभावी थी। वैक्सीन के प्रत्येक परीक्षण के 20 से 45 प्रतिशत भागीदारों में मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग, यकृत रोग और HIV था।
- हमारे पास कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली या स्वत: प्रतिरक्षा की स्थिति वाले लोगों पर किए गए वैक्सीन के इस्तेमाल पर सीमित सुरक्षा डेटा है। उसके बावजूद CDC ने इन समूहों के लिए भी वैक्सीन की अनुशंसा की है क्योंकि यदि इन्हें कोविड-19 हो जाता है तो ये गंभीर रूप से बीमार होने के उच्चतम जोखिम पर होंगे।
- गर्भावस्था और प्रसव संबंधी चिकित्सा विशेषज्ञ उन लोगों के लिए COVID-19 टीके की सलाह देते हैं जो गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या गर्भधारण करने योजना बना रही हैं। डेटा से पता चलता है कि गर्भावस्था के दौरान COVID-19 के टीके लेना सुरक्षित है। यहाँ तक कि, कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि टीका लगवा चुके माता-पिता गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान अपने बच्चे को COVID-19 से बचाने के लिए एंटीबॉडी भी प्रदान कर सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को COVID-19 से गंभीर बीमारी का खतरा है जिसमें मृत्यु भी शामिल है। टीके ही सबसे बढ़िया बचाव का तरीका हैं।

Washington State Department of Health

DOH 348-799 February 2022 - Hindi

किसी दूसरे प्रारूप में इस दस्तावेज़ को पाने का अनुरोध करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।